# Khwabon Ka Karwaan

Newsletter
August | 2025



## Learning, Playing and Thriving








**Independence Day Celebrations**

Students at Khwabgah schools celebrated the 79th Independence Day with great enthusiasm. They learnt and explored the historical significance of the day. Many came dressed as iconic freedom fighters, bringing history to life with thoughtful portrayals and symbolic costumes. The celebrations also included dance and singing performances, prepared under the thoughtful guidance of their teachers.

**Life Skills Training in Noor Nagar**

The AOC team facilitated a series of life skills sessions with students at Khwabgah School, focusing on essential topics such as safe & unsafe touch; nutrition, health & hygiene; and bullying. These sessions aimed to equip the students with skills and knowledge to protect themselves and lead a safe and healthy life. Additionally, girls of class 5th also underwent an introductory session on pubertal changes in order to prepare them better to deal with changes associated with puberty, specifically menstruation.

**Growing together, one play at a time**

At Modicare Foundation, we believe that learning happens just as powerfully on the playground as it does in the classrooms. This month the academic facilitators organised a vibrant series of indigenous games- including *kabaddi*, *kho kho*, jumping challenges and the spider race- to promote physical activity, teamwork, and cultural appreciation among students. These engaging sessions not only encouraged movement and collaboration but also helped students develop key physical and cognitive skills.

## Knowledge Corner

International Youth Day celebrated every year on August 12, shines a global spotlight on the challenges and potential of young people as change-makers. India, home to the world's largest youth population of over 371 million* aged 15-29 – holds immense promise for innovation, growth, and social transformation. Yet only 54.8%** of Indian youth are considered employable, revealing a critical gap between education and job readiness. Empowering youth with relevant skills ensures not just employment but leadership in shaping a sustainable, inclusive future.

*United Nations, ** India Skills Report, 2025

# Khwabon Ka Karwaan

Modicare FOUNDATION

Newsletter
August | 2025

## Strengthening Child Safety: AOC at Sanrakshak Sangh

In a powerful convergence of advocacy and institutional dialogue, AOC was invited to take part in the Sanrakshan Sangh event organized by the MCD Education Department, focusing on child safety and the prevention of child sexual abuse. The event brought together organizations working at the grassroots to share best practices, child centric approaches and policy recommendations. The AOC team presented a compelling case for the appointment of a Nodal Officer for child protection in every school- a recommendation that was warmly welcomed by both the department and peer organizations. This recommendation aims to embed accountability and early intervention mechanisms within the school system, ensuring that child protection is not just a policy but practice.




## Echoes from the field

Feedback from trained adolescents at Al -Ameen Educational Trust (Okhla)


I feel very confidence and aware after attending this work shop. I gained lots of new things and knowledge. I attend many workshops but this one is very interesting and joyful


ऐसी चीजों के बारे में जो के हमारी जिंदगी के लिए ज़रूरी उसके लिए और जानकारी लेना पसंद करेंगी।


This activity really helpful. I got to know about very new things and I got to know about my self in life skill activity.

These type of activity should held in every institute to build confidence and knowledge.

# Khwabon Ka Karwaan

Modicare FOUNDATION

Newsletter
August | 2025



## सीखना, खेलना और विकास







### स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन

ख्वाबगाह स्कूलों के छात्रों ने 79वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। उन्होंने इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को समझा और उसकी गहराई से खोज की। कई छात्र स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के रूप में वेशभूषा में आए, जिससे इतिहास जीवंत हो उठा। इनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों और प्रतीकात्मक पोशाकों ने देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। उत्सव में नृत्य और गायन की प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिन्हें शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था।

### नूर नगर में जीवन कौशल सत्र का आयोजन

AOC टीम ने ख्वाबगाह स्कूल में छात्रों के साथ जीवन कौशल सत्रों का संचालन किया। इन सत्रों में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श; पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता; तथा बुलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन सत्रों का उद्देश्य छात्रों को स्वयं की सुरक्षा और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। इसके अतिरिक्त, कक्षा 5 की छात्राओं के लिए यौवन परिवर्तन पर एक परिचयात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिससे वे मासिक धर्म और अन्य शारीरिक परिवर्तनों को बेहतर ढंग से समझ सकें और उनसे निपटने के लिए तैयार हो सकें।

### खेलों के माध्यम से सीखने की पहल

मोदीकेयर फाउंडेशन में हमारा विश्वास है कि सीखना केवल कक्षा तक सीमित नहीं है—खेल के मैदान पर भी उतना ही प्रभावशाली होता है। इस महीने, शैक्षणिक प्रशिक्षकों ने पारंपरिक खेलों की एक रंगारंग श्रृंखला का आयोजन किया—जिसमें कबड्डी, खो-खो, कूद प्रतियोगिता और स्पाइडर रेस शामिल थीं। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक सक्रियता, टीमवर्क और सांस्कृतिक सराहना को बढ़ावा देना था। इन सत्रों ने न केवल सहयोग और गतिशीलता को प्रोत्साहित किया, बल्कि छात्रों के शारीरिक और मानसिक कौशल को भी विकसित किया।

## नॉलेज कार्नर

हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस, युवाओं की चुनौतियों और उनकी परिवर्तनकारी क्षमता को वैश्विक मंच पर उजागर करता है। भारत, जहाँ विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी (15-29 वर्ष के 371 मिलियन* से अधिक युवा[1]) निवास करती है, नवाचार, विकास और सामाजिक परिवर्तन की अपार संभावनाएँ रखता है। फिर भी, केवल 54.8%** भारतीय युवा ही रोजगार योग्य माने जाते हैं, जो शिक्षा और नौकरी की तैयारी के बीच एक गंभीर अंतर को दर्शाता है। युवाओं को प्रासंगिक कौशल से सशक्त बनाना केवल रोजगार नहीं, बल्कि एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में नेतृत्व सुनिश्चित करता है।

*संयुक्त राष्ट्र , **भारत कौशल रिपोर्ट, 2025

# Khwabon Ka Karwaan

Modicare FOUNDATION

Newsletter
August | 2025

## संरक्षण संघ कार्यक्रम में बाल सुरक्षा पर संवाद

AOC ने MCD शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'संरक्षण संघ' कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य बाल सुरक्षा और बाल यौन शोषण की रोकथाम पर संवाद स्थापित करना था। इस कार्यक्रम में जमीनी स्तर पर कार्यरत संगठनों ने भाग लिया और सर्वोत्तम प्रथाओं, बाल केंद्रित दृष्टिकोणों और नीतिगत सुझावों को साझा किया।

AOC टीम ने अपने काम के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा प्रत्येक स्कूल में बाल सुरक्षा के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा, जिसे विभाग और अन्य संगठनों द्वारा सकारात्मक रूप से स्वीकार किया गया। यह सिफारिश स्कूल प्रणाली में जवाबदेही और शीघ्र हस्तक्षेप की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बाल सुरक्षा केवल नीति नहीं, बल्कि व्यवहार में भी लागू हो सके।




## आवाम की आवाज़

अल-अमीन एजुकेशनल ट्रस्ट (ओखला) में प्रशिक्षित किशोरों से फीडबैक


I feel very confidence and aware after attending this work shop. I gained lots of new things and knowledge. I attend many workshops but this one is very interesting and joyful


ऐसी चीजों के बारे में जो के हमारी जिंदगी के लिए ज़रूरी उसके लिए और जानकारी लेना पसंद करेंगे।


This activity really helpful. I got to know about very new things and I got to know about my self in life skill activity.
These type of activity should held in every institute to build confidence and knowledge.